महामाया बालिका इण्टर कॉलेज, नोएडा
प्रवेश परीक्षा फार्म वितरण सत्र (2024–25)
महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण **दिनांक 26.12.2023** दिन मंगलवार से दिनांक **31.01.2024** दिन बुधवार तक किया जायेगा।
2. प्रवेश परीक्षा फार्म शुल्क रू 50/– एवं पंजीयन शुल्क रू 100/–है। यह शुल्क नॉन रिफंडऐबल एवं अहस्तांतरणीय होगा
3. प्रवेश परीक्षा फार्म प्रत्येक कार्य दिवस में कॉलेज के प्रशासनिक भवन से प्रातः 9:30 बजे से सायं 2:30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
4. प्रवेश परीक्षा फार्म दिनांक **08.01.2024 से 03.02.2024** के मध्य किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 9:30 बजे से सायं 2:30 बजे तक कॉलेज प्रशासनिक भवन के लेखा शाखा में जमा करा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात फार्म को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जाएगा।
5. छात्राओं /अभिभावक को प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करते समय फार्म के साथ बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (सामान्य को छोडकर), निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पूर्व कक्षा का वार्षिक अंक प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी जमा करना अनिवार्य है।
6. पत्राजात पूरे न होने पर फार्म स्वीकार नही किया जायेगा।
7. प्रवेश परीक्षा फार्म में किसी भी प्रकार की कटिंग नही होनी चाहिए कटिंग किए गए फार्म किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जायेगा।
8. **प्रवेश परीक्षा दिनांक 25.02.2024 दिन रविवार को कॉलेज में सम्पन्न होगी।**
9. प्रवेश परीक्षा के दिन सभी छात्राओं को प्रातः 9:30 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी।
10. प्रवेश पत्र के अतिरिक्त, किताबे, नोटबुक, केलकुलेटर, मोबाईल या कोई अन्य यांत्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नही है।
11. अनुचित साधन अपनाने या अपनाने का प्रयास करने पर आपको परीक्षा से वंचित करते हुए आपके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

12. सभी छात्राओं की प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होकर 12:00 बजे समाप्त होगी। यदि कोई शारीरिक रूप से अक्षम छात्रा है तो उसे प्रवेश परीक्षा पूर्ण करने हेतु निर्धारित समय से 30 मिनट अधिक समय दिया जायेगा।

13. **प्रवेश परीक्षा का परिणाम दिनांक 29.02.2024 दिन गुरुवार समय दोपहर 2:00 बजे को घोषित किया जाएगा।**

14. प्रवेश परीक्षा का परिणाम केवल कॉलेज की वेबसाईट www.mbicnoida.ac.in एवं कॉलेज के नोटिस बोर्ड से ही सुनिश्चित करें अन्य किसी माध्यम जैसे–फोन कॉल, व्हाटस एप आदि पर जानकारी प्राप्त न करें।

15. प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं को पत्राजातो के सत्यापन के समय मूल टी0सी0, शपथ प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (ब्लड़ ग्रुप सहित पंजीकृत एम0बी0बी0एस0 डा0 द्वारा प्रदत्त) जमा करना अनिवार्य है।

16. शपथ प्रमाण पत्र कक्षा–1 से कक्षा–5 के छात्राओं के लिए अनिवार्य नही है।

17. **प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं/चयनित छात्राओं के पत्राजातों का सत्यापन दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक प्रातः 9:30 बजे से सायं 2:30 बजे तक किया जायेगा।**

18. सत्यापन के तत्पश्चात आपको कॉलेज के लेखा विभाग से फी स्लिप जारी की जाएगी जिसके भुगतान पश्चात ही प्रवेश मान्य होगा एवं प्रवेश संख्या जारी किया जाएगा।

19. चयनित छात्राओं के प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि **20.03.2024** होगी इसके पश्चात प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रा का प्रवेश नही लिया जायेगा।

नोट – छात्रा का नाम यदि चयनित सूची में नही आता है तो व्यर्थ मे आकर अपना समय बर्बाद न करें। अन्य किसी जानकारी के लिए कॉलेज की वेबसाईट www.mbicnoida.ac.in पर देखें या फिर फोन नम्बर 9910684202 पर संपर्क करें।

आज्ञा से
प्रधानाचार्य